दिन– सोमवार दिनांक– 22/06/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना में तीन लाख छियानवे हजार से अधिक किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से दो सौ करोड़ रुपये से अधिक की अनुदान राशि अंतरित की। यह राशि कृषि इनपुट अनुदान योजना के अंतर्गत वासंतिक–रबी दो हजार पच्चीस–छब्बीस के तहत इस वर्ष मार्च महीने में आए आंधी–तूफान से हुई फसल क्षति के लिए दी गयी है। मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस योजना के तहत तेरह जिलों के प्रभावित किसानों को अनुदान दिया गया है। उन्होंने कहा कि और आवेदन प्राप्त होने पर सत्यापन के बाद उन किसानों को भी अनुदान राशि दी जाएगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव तथा आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा और कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा भी उपस्थित थे।

————————————————————————————

मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में आज वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम टू के तहत राज्य स्तरीय स्क्रीनिंग कमिटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी विभाग के अधिकारियों को ग्रामीण विकास योजनाओं को तत्परता से पूरा कराने के निर्देश दिये गए है। विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी और अन्य वरीरू पदाधिकारी भी वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस बैठक में शामिल हुए।

————————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने भोजपुर जिले के शाहपुर में पुलिस मुठभेड़ में भरत भूषण तिवारी की मौत मामले में तुरंत सुनवाई से इनकार कर दिया है। अदालत ने याचिकाकर्ता को निर्देश दिया है कि वो रजिस्ट्रार के समक्ष मामले का उल्लेख करें। जिसके बाद आगे की प्रक्रिया तय की जायेगी। याचिका में मुठभेड़ की घटना की सीबीआई जांच कराने की मांग की गई है।

———————————————————————————

सुपौल जिले के जदिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मानगंज पश्चिम पंचायत के दतुआ वार्ड संख्या–दस में कल रात एक श्राद्ध कार्यक्रम में भोज खाने के बाद एक सौ पचास लोगों की तबीयत खराब हो गई। पीड़ित लोगों को त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है। इधर, प्रशासन ने पूरी घटना की जांच शुरू कर दी है।

———————————————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागों में दक्षिण–पश्चिम मानसून की गतिविधियां धीमी पड़ गई है। इसके कारण अब तक सामान्य से बयालीस प्रतिशत कम बारिश हुई है। हालांकि उत्तर–पूर्व भाग के जिलों में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गयी है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि कल से पटना, गया और सारण समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में भी मानसून के सक्रिय होने से बारिश की संभावना है। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान अररिया, बांका, भागलपुर, कटिहार, किशनगंज, मधुबनी, पूर्णियां, और सुपौल जिलें में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ भारी बारिश की आशंका जताई है। इस दौरान कुछ स्थानों पर वज्रपात हो सकता है। इधर, राजधनी पटना समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में उमस भरी गर्मी का सिलसिला जारी है।

———————————————————————————

नेपाल में बारिश के कारण कोसी नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। हमारे सुपौल संवाददाता ने बताया कि इस वर्ष पहली बार नदी का जलस्तर एक लाख क्यूसेक के आंकड़े को पार कर गया है। कोसी बराज पर बढ़ते दबाव को देखते हुए देर रात बराज से एक लाख नौ सौ पचपन क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिला प्रशासन ने बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर सतर्कता बढ़ा दी है।

———————————————————————————

किशनगंज के नये जिलाधिकारी नवीन कुमार ने आज अपना पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जिले में सरकारी योजनाओं का

प्रभावी क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता है। वहीं, जहानाबाद की नवनियुक्त जिला पदाधिकारी क्षीरिंग वाई भूटिया ने भी अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया।

———————————————————————————

पटना स्थित राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय में आज से चार दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्याक्रम के दौरान कर्मियों को कृषि संबंधी सर्वेक्षण की कार्य प्रणाली, आंकड़ों के संग्रहण, गुणवत्ता नियंत्रण और अन्य विषयों की जानकारी दी जा रही है।

———————————————————————————

समाप्त